प्रतिलिपि ... चिकित्सा ...
उत्तर प्रदेश

अति–महत्वपूर्ण/ई–मेल द्वारा

प्रेषक,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

1. कुलसचिव, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ।
2. कुलसचिव, उ0प्र0ग्रामीण आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई इटावा।
3. प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज कानपुर/आगरा/मेरठ/इलाहाबाद/गोरखपुर/झांसी/

संख्या–एम0ई0–3/2018/2469 लखनऊ:दिनांक 25 जून,2018

विषय– यू0पी0 नीट यू0जी0 2018 के अन्तर्गत एम0बी0बी0एस/बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मेडिकल बोर्ड का गठन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्रांक संख्या–एम0ई0–3/2018/2341 दिनांक 15 जून 2018 के द्वारा दिनांक 19 एवं 20 जून 2018 को नीट यू0जी0 2018 के अन्तर्गत दिव्यांगजनों हेतु मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया था।

उक्त के संदर्भ में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गये है जिसमें यह अनुरोध किया गया है कि किन्ही कारणोंवश उनके द्वारा पूर्व में निर्धारित तिथियों में मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित नही हो पाये है।

अतः उक्त के दृष्टिगत नीट यू0जी0 2018 के अन्तर्गत दिव्यांगजनों हेतु दिनांक **27.06.2018, (दिन बुद्धवार)** को पुनः एक बार छूटे हुये अभ्यर्थियों का मेडिकल बोर्ड कराने का निर्णय लिया गया है। अतएव अपने मेडिकल कालेज/विश्वविद्यालय में मेडिकल बोर्ड का गठन करते हुये दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

(के0के0गुप्ता)
महानिदेशक

संख्या–एम0ई0–3/2018/ तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव,उ0प्र0 शासन चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4
2. डा0 बी0डी0 सिंह, सम्बद्व अधिकारी, चिकित्सा शिक्षा, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विभाग की वेब–साईट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
3. निदेशक एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना *https://upneet.gov.in* पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

(के0के0गुप्ता)
महानिदेशक